# Rajasthali Law Institute
# Prelims test series
# Indian evidence act,Raj.Rent Control Act-3
# (Section 134 to 167)

**1).** भारतीय साक्ष्य अधिनियम की निम्नलिखित धाराओं में से किसका संबंध सह-अपराधी से है**?**

(a) धारा 30

(b) धारा 133

(c) धारा 134

(d) धारा 29

**1). Which of the following sections of the Indian Evidence Act is related to accomplice?**

(a) Section 30

(b) Section 133

(c) Section 134

(d) Section 29

**2)**भारतीय साक्ष्य अधिनियम की निम्न में से किस धारा के अंतर्गत सह**-**अपराधी, अभियुक्त व्यक्ति के विरुद्ध सक्षम साक्षी होगा**?**

(a) धारा 130

(b) धारा 131

(c) धारा 132

(d) पारा 133

**2) Under which of the following sections of the Indian Evidence Act, accomplice will be a competent witness against the accused person?**

(a) Section 130

(b) Section 131

(c) Section 132

(d) Section 133

**3)सह-अभियुक्त की अपराध-स्वीकृति को माना जाता है-**

(a) मजबूत साक्ष्य

(b) कमजोर साक्ष्य

(c) कोई साक्ष्य नहीं

(d) पर्याप्त साक्ष्य

**3) The confession of the accomplice is considered as-**

(a) Strong evidence

(b) Weak evidence

(c) No evidence

(d) Sufficient evidence

**4)सही कथन चिह्नित कीजिए:**

(a) एक सह-अपराधी विश्वसनीयता के अयोग्य है जब तक कि तात्विक विशिष्टियों में उसकी सम्पुष्टि नहीं होगी।
(b) सह-अपराधी अभियुक्त व्यक्ति के विरुद्ध सक्षम साक्षी होगा और कोई दोषसिद्धि केवल इसलिए अवैध नहीं है कि वह किसी सह-अपराधी के असम्पुष्ट परिसाक्ष्य के आधार पर की गई है।
(c) (a) और (b) दोनों।
(d) उपर्युक्त में से कोई सही नहीं है।

**4) Mark the correct statement:**
(a) An accomplice is unworthy of credibility unless corroborated in material particulars.
(b) The accomplice shall be a competent witness against the accused person and no conviction is invalid merely because it is made on the basis of the uncorroborated testimony of an accomplice.
(c) Both (a) and (b).
(d) None of the above is correct.

**5).** निम्नलिखित में से कौन सह**-**अपराधी है **?**
(a) गुप्तचर
(b) उत्पीड़न के कारण रिश्वत देने वाला व्यक्ति
(c) बलात्संग के पीड़िता लड़की (अभियोजिका)
(d) वेश्या

**5). Who among the following is an accomplice?**
(a) Detective
(b) A person giving bribe due to harassment
(c) Rape victim girl (prosecutor)
(d) Prostitute

**6)**हत्या**,** बलात्कार एवं डकैती के अपराध प्रमाणित करने के क्रमशः **10, 8** एवं **6** साक्षियों की आवश्यकता होती है**-**
(a) सही है
(b) गलत है कि 12, 10 एवं 8 साक्षी आवश्यक है
(c) न्यायाधीश निर्देश देंगे कि कितने साक्षी आवश्यक है
(d) साक्षियों की कोई विशिष्ट संख्या अपेक्षित नहीं होती

**6) To prove the offence of murder, rape and dacoity, 10, 8 and 6 witnesses are required respectively -**
(a) Is correct
(b) It is wrong that 12, 10 and 8 witnesses are necessary
(c) The judge will direct how many witnesses are required.
(d) No specific number of witnesses is required

**7)** भारतीय साक्ष्य अधिनियम**, 1872** में **'**सुसंगतता**'** एवं ग्राह्यता **'** शब्दावली है

राजस्थली
Estd. 2008

(a) समानार्थी
(b) समविस्तीर्ण
(c) न तो समानार्थी न ही समविस्तीर्ण
(d) समानार्थी व समविस्तीर्ण दोनों

**7) In the Indian Evidence Act, 1872, the terms 'relevance' and 'admissibility' are**
(a) Synonym
(b) Coextensive
(c) Neither synonymous nor coextensive
(d) Both synonymous and coextensive

**8)**जाहिरा शेख मुख्य गवाह थी
(a) बेस्ट बेकरी री ट्रायल वाद (2006)
(b) बेस्ट बेकरी वाद (2004)
(c) सुखराम का आय से अधिक संपत्ति का मामला
(d) गुर्जर हत्याओं का मामला

**8)Zahira Sheikh was the main witness**
(a) Best Bakery Re Trial suit(2006)
(b) Best Bakery suit (2004)
(c) Sukhram's disproportionate assets case
(d) Gurjar murders case

राजस्थली
Estd. 2008

**9)**साक्ष्य अधिनियम की कौन-सी धारा प्रावधान करती है न्यायाधीश ग्राह्यता के बारे में निश्चय करेगा **?**

(a) धारा 5

(b) धारा 23

(c) धारा 136

(d) धारा 148

**9) Which section of the Evidence Act provides that the judge will decide about admissibility?**

(a) Section 5

(b) Section 23

(c) Section 136

(d) Section 148

**10)** दिल्ली उच्च न्यायालय ने किस मुकदमें में गवाहों की सुरक्षा के बारे में मार्गदर्शक निर्देश जारी किया था**?**

(a) नीलम कटारा मुकदमा (2003)

(b) नैना साहनी मुकदमा (2007)

(c) उपहार सिनेमा मुकदमा (2005)

(d) संसद भवन पर हमला मुकदमा (2006)

**10) In which case did Delhi High Court issue guidelines regarding protection of witnesses?**

(a) Neelam Katara case (2003)

(b) Naina Sahni case (2007)

(c) Uphaar Cinema Lawsuit (2005)

(d) Parliament House attack case (2006)

**11).** भारतीय साक्ष्य अधिनियम**, 1872** में क्या वर्णित नहीं किया गया है**?**

(a) साक्ष्य की सुसंगतता

(b) साक्ष्य की ग्राहाता

(c) साक्ष्य का वजन या भार

(d) उपर्युक्त सभी

**11). What is not mentioned in the Indian Evidence Act, 1872?**

(a) Relevance of evidence

(b) Admissibility of evidence

(c) Weight or burden of evidence

(d) All of the above

**12). A** चुराए गए माल को**,** चोरी का जानते हुए भी**.** प्राप्त करने का अभियुक्त है। यह यह सिद्ध करने का प्रस्ताव करता है कि उसने उनको उनके मूल्य से कम पर बेचने से इंकार कर दिया। यह

(a) इसे सिद्ध नहीं कर सकता

(b) इसे सिद्ध कर सकता है, यचि यह स्वीकृति से मिन्न रूप में सुसंगत है

(c) सिद्ध कर सकता है, क्योंकि यह विवाधक तथ्य से प्रभावित आचरण का स्पष्टीकरण है

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**12). ‘A’ Is accused of receiving Stolen goods, despite knowledge of theft.. It proposes to prove that he refused to sell them below their value. it**

(a) Cannot prove it

(b) Can prove it, even if it is relevant in a way other than acceptance

(c) Can prove, because it is an explanation of conduct influenced by the fact in issue

(d) None of the above

**13)कौन-सा कथन सही नहीं है?**

(a) कुछ तथ्य सुसंगत होते हैं, परंतु ग्राह्य नहीं होते।

(b) कुछ तथ्य ग्राह्य होते हैं, परंतु सुसंगत नहीं होते।

(c) सभी सुसंगत तथ्य ग्राह्य होते हैं।

(d) सभी ग्राह्य तथ्य सुसंगत नहीं होते।

**13)Which statement is not correct?**

(a) Some facts are relevant, but not admissible.

(b) Some facts are admissible, but not relevant.

(c) All relevant facts are admissible.

(d) All admissible facts are not relevant.

**14)चिकित्साधिकारी द्वारा पीड़ित की चोटों का वर्णन करती रिपोर्ट-**

(a) निश्चायक प्रकृति की है।
(b) सुसंगत व साक्ष्य में ग्राह्य है।
(c) असंगत है।
(d) सारवान् साक्ष्य है।

**14)Report by the Medical Officer describing the injuries of the victim-**
(a) Is conclusive in nature.
(b) Relevant and admissible in evidence.
(c) Is inconsistent.
(d) There is substantial evidence.

**15)'मुख्य परीक्षा' क्या होती है?**
(a) किसी साक्षी की उस पक्षकार द्वारा परीक्षा जो उसे बुलाता है
(b) किसी साक्षी की प्रतिपक्ष (विरोधी पक्षकार) द्वारा परीक्षा
(c) किसी साक्षी की मजिस्ट्रेट द्वारा परीक्षा
(d) किसी साक्षी की 'प्रति-परीक्षा' के पश्चात् परीक्षा

राजस्थली
Estd. 2008

**15)What is Chief Examination'?**

(a) Examination of a witness by the party who calls him

(b) Examination of a witness by the opposing party

(c) Examination of a witness by a Magistrate

(d) Examination after 'cross-examination' of a witness

**16)प्रतिवादी द्वारा ली जाने वाली परीक्षा को कहा जाता है.**

(a) मुख्य परीक्षा

(b) प्रति परीक्षा

(c) पुनः परीक्षा

(d) सूचक प्रश्न

**16)The examination taken by the defendant is called.**

(a) Chief examination

(b) Cross exam

(c) Re-examination

(d) Leading question

**17)प्रतिपरीक्षा का उद्देश्य है-**

(a) साक्षी की बुद्धिमत्ता जांच

(b) साक्षी की निष्पक्षता की जांच

(c) साक्षी की विश्वसनीयता की जांच

(d) साक्षी के सदाचार की जांच

**17)The purpose of cross-examination is-**

(a) Testing the intelligence of the witness

(b) Testing the impartiality of the witness

(c) Testing the credibility of the witness

(d) Testing the conduct of the witness

राजस्थली
Estd. 2008

**18)**किसी साक्षी की प्रति परीक्षा के बाद उसकी उस पक्षकार द्वारा जिसने उसे बुलाया था, परीक्षा उसकी

(a) मुख्य परीक्षा है

(b) अतिरिक्त परीक्षा है

(c) पुन परीक्षा है

(d) पुनः प्रति परीक्षा है

**18) After the cross-examination of a witness, he is examined by the party who called him.**

(a) Is chief examination

(b) Is additional examination

(c) Is re-examination

(d) is re-cross-examination

**19)** साक्षी की पुनः परीक्षा में भारतीय साक्ष्य अधिनियम, **1872** के अधीन

(a) अधिकार के रूप में कोई नई बात उठाई जा सकती है

(b) कोई नई बात नहीं उठाई जा सकती

(c) न्यायालय की अनुमति से नई बात उठाई जा सकती है

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**19) In re-examination of witness under Indian Evidence Act, 1872**

(a) Any new point can be raised as a matter of right

(b) No new point can be raised

(c) A new point can be raised with the permission of the court.
(d) None of the above

**20)**वादी की पुनः परीक्षा-
(a) जो कुछ भी मुख्य परीक्षा में बच गया है, उसकी पूर्ति के उद्देश्य के लिए हो सकती है।
(b) जो मामले प्रतिपरीक्षा में उल्लिखित हैं, उनके स्पष्टीकरण के उद्देश्य से हो सकती है।
(c) जो मामले मुख्य परीक्षा में उल्लिखित हैं, उनके स्पष्टीकरण के उद्देश्य से हो सकती है।
(d) उपरोक्त सभी

**20) Re-examination of the plaintiff-**
(a) Whatever is left over in the main examination may be for the purpose of its completion.
(b) For the purpose of clarifying the matters mentioned in cross-examination.
(c) For the purpose of clarifying the matters mentioned in the main examination.
(d) All of the above

**21)**भारतीय साक्ष्य अधिनियम की निम्नलिखित किस धारा के अंतर्गत परीक्षाओं का क्रम उपबन्धित किया गया है-
है

(a) धारा 140
(b) धारा 139
(c) धारा 138
(d) धारा 137

**21) Under which of the following sections of the Indian Evidence Act, the order of examinations has been provided ?**
(a) Section 140
(b) Section 139
(c) Section 138
(d) Section 137

**22)निम्नलिखित में से गवाह की जांच का सही क्रम क्या है?**
(a) पुनः परीक्षा, मुख्य परीक्षा, प्रति परीक्षा
(b) प्रति परीक्षा, पुनः परीक्षा, मुख्य परीक्षा
(c) मुख्य परीक्षा, प्रति परीक्षा, पुनः परीक्षा
(d) प्रति परीक्षा, मुख्य परीक्षा, पुन: परीक्षा

**22)Out of following which is the correct order of examination of witness.**
(a) re-examination, examination in chief, cross examination
(b) cross examination, re-examination, examination in chief

(c) examination in chief, cross examination, re-examination
(d) cross examination, examination in chief, re-examina tion

**23)**वर्ष **2015** में उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए निम्नलिखित निर्णयों में से किसमें यह अवधारित किया गया है कि **"**यह  अनिवार्य है कि जिस दिन मुख्य परीक्षा पूर्ण होती है**.** उसी दिन प्रति **-**परीक्षा भी पूर्ण होनी चाहिए**"?**
(a) विनोद कुमार बगाम पंजाब राज्य
(b) अहमदशाह बनाम राजस्थान राज्य
(c) जसनेर सिंह बनाम हरियाणा राज्य
(d) इंदर सिंह बनाम राजस्थान राजा

**23)In which of the following judgments given by the Supreme Court in the year 2015, it has been stipulated that "It is mandatory that the cross-examination should also be completed on the same day on which the main examination is completed"?**
(a) Vinod Kumar Bagam Punjab State
(b) Ahmedshah vs State of Rajasthan
(c) Jasner Singh vs. State of Haryana
(d) Inder Singh vs Rajasthan Raja

**24)**किसी दस्तावेज को पेश करने के लिए समनित व्यक्ति जब दस्तावेज पेश करता है, तब-

(a) वह एक साक्षी हो जाता है

(b) उसकी प्रति-परीक्षा उभय पक्षों द्वारा की जाती है

(c) उसकी प्रति-परीक्षा न्यायालय की अनुमति से की जाती है

(d) वह साक्षी नहीं होता है इसलिए उसकी प्रति-परीक्षा नहीं की जा सकती जब तक उसे साक्षी के तौर पर बुलाया नहीं जाता

**24) When a person summoned to produce a document ,produces the document, then-**

(a) He becomes a witness

(b) It is cross-examined by both the parties.

(c) He is cross-examined with the permission of the court.

(d) He is not a witness and hence cannot be cross-examined unless he is called as a witness.

**25)** जहां वादी अपनी शक्ति या कब्जे के अधीन किसी दस्तावेज के आधार पर वाद लाता है, वहां उसे इसको या इसकी प्रतिलिपि को प्रस्तुत करना चाहिए

(a) वादपत्र के साथ

(b) साक्ष्य देने के समय

(c) विवाद्यकों की रचना के समय

(d) जब न्यायालय आदेश करे

**25) Where the plaintiff brings a suit on the basis of any document in his power or possession, he must produce it or a copy of it**

(a) With plaint

(b) At the time of giving evidence

(c) At the time of framing of the issues

(d) When the court orders

**26)**प्रति**-**परीक्षा के संबंध में निम्नलिखित में से कौन**-**सा कथन सही है**?**

(a) चरित्र का साक्ष्य देने वाले साक्षियों की प्रति परीक्षा की जा सकती है

(b) प्रति-परीक्षा में सूचक प्रश्न नहीं पूछे जा सकते हैं

(c) किसी दस्तावेज को पेश करने के लिए बुलाए गए व्यक्ति की प्रति परीक्षा की जा सकती है

(d) किसी साक्षी की उसके द्वारा पूर्ववत् किए गए लिखित कथनों के बारे में प्रति परीक्षा नहीं की जा सकती है

**26)Which of the following statements is correct regarding cross-examination?**

(a) Witnesses giving evidence of character can be cross-examined

(b) Leading questions cannot be asked in cross-examination

(c) A person called to produce any document may be cross-examined
(d) A witness cannot be cross-examined regarding written statements previously made by him.

**27)भारतीय साक्ष्य अधिनियम की निम्नलिखित धाराओं में से किस धारा में शील का साक्ष्य देने वाले साक्षी के प्रतिपरीक्षण और पुनःपरीक्षण से संबंधित प्रावधान अंतर्विष्ट हैं?**
(a) धारा 140
(b) धारा 141
(c) धारा 142
(d) धारा 139

**27)Which of the following sections of the Indian Evidence Act contains provisions relating to cross-examination and re-examination of a witness giving evidence of character?**
(a) Section 140
(b) Section 141
(c) Section 142
(d) Section 139

**28)न्यायालय की अनुमति से किस प्रकार के सूचक प्रश्न मुख्य परीक्षण में पूछे जा सकते हैं?**
(a) केवल परिचयात्मक

(b) केवल विवादित
(c) केवल जो पर्याप्त रूप से पूर्व में ही प्रमाणित हो गए हैं
(d) परिचयात्मक एवं जो पर्याप्त रूप से पूर्व में ही प्रमाणित हो गए हैं

**28)What types of leading questions can be asked in the examination-in-chief with the permission of the court?**
(a) Only introductory
(b) Only disputed
(c) Only those which have been sufficiently proven in the past
(d) Introductory and which have already been sufficiently proven

राजस्थली
Estd. 2008

**29).** कोई प्रश्न जो उस उत्तर को सुझाता है जिसे पूछने वाला व्यक्ति पाना चाहता है या पाने की आशा करता है, कहा जाता है-

(a) अशिष्ट प्रश्न

(b) कलंकात्मक प्रश्न

(c) क्षुब्ध करने के लिए आशयित प्रश्न

(d) सूचक प्रश्न

राजस्थली
Estd. 2008

**29). A question that suggests an answer that the person asking wants or hopes to get, is called?**

(a) Rude question

(b) Scandalous question

(c) Question intended to irritate

(d) Leading question

**30)**भारतीय साक्ष्य अधिनियम, **1872** के तहत सूचक प्रश्न को किस धारा में परिभाषित किया गया है**?**

(a)धारा 141

(b) धारा 142

(c) धारा 143

(d) धारा 145

**30)In which section of the Indian Evidence Act, 1872 is the leading question defined?**

(a) Section 141

(b) Section 142

(c) Section 143

(d) Section 145

राजस्थली
Estd. 2008

**31)**निम्न में से कौन**-**सी परिस्थिति में मुख्य परीक्षण के दौरान न्यायालय की अनुमति से सूचक प्रश्न पूछे जा सकते है**?**

(a) उन बातों के बारे में जो विवादित है या पुनः स्थापना के रूप में नहीं है

(b) जब प्रशनगत बात पर्याप्त रूप से साबित है
(c) उपरोक्त दोनों परिस्थितियों में
(d) उपरोक्त में से किसी परिस्थिति में नहीं

**31) In which of the following circumstances, leading questions can be asked with the permission of the court during the chief examination?**
(a) About things that are disputed or not reestablished
(b) When the matter in question is sufficiently proved
(c) In both the above circumstances
(d) Not in any of the above circumstances

**32)** भारतीय साक्ष्य अधिनियम, **1872** के अधीन सूचक प्रश्न सामान्यतया पूछे जा सकते हैं**-**
(a) प्रति-परीक्षा में
(b) मुख्य परीक्षा में
(c) पुनः परीक्षा में
(d) उपर्युक्त किसी में नहीं

**32) Under the Indian Evidence Act, 1872, leading questions can generally be asked-**
(a) In cross-examination
(b) In the chief examination
(c) In re-examination

(d) None of the above

**33)**अभियोजन पक्ष को अपने साक्षी से सूचक प्रश्न पूछने की अनुमति कब दी जा सकती है**?**

(a) मुख्य परीक्षण में

(b) जब साक्षी को पक्षद्रोही घोषित किया जाए

(c) पुनःपरीक्षण में

(d) किसी भी परिस्थिति में नहीं

**33) When can the prosecution be allowed to ask leading questions to its witness?**

(a) In the chief examination

(b) When the witness is declared hostile

(c) in re-examination

(d) not under any circumstances

R
राजस्थली
Estd. 2008

**34)** लेखबद्ध विषयों के बारे में मौखिक साक्ष्य, साक्षियों की परीक्षा के दौरान, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, **1872** की किस धारा के अनुसार दिया जा सकेगा?

(a) धारा 65 क्लॉज । के अनुसार

(b) धारा 114 दृष्टांत (जी) व (एच) के अनुसार

(c) धारा 66 के अनुसार

(d) धारा 144 के अनुसार

**34) According to which section of the Indian Evidence Act, 1872, oral evidence regarding matters recorded in writing can be given during the examination of witnesses?**

(a) Section 65 clause. According to

(b) According to Section 114 illustrations (g) and (h)

(c) According to section 66

(d) According to section 144

**35)**साक्ष्य अधिनियम की धारा **145** के तहत एक गवाह से लिखित रूप में पिछले बयान के बारे में जिरह की जा सकती है?

(a) उसे साबित करके गवाह को दिखाना।

(b) इसे साबित किए बिना बल्कि गवाह को दिखाने के बाद ही।

(c) इसे साबित करने और गवाह को पढ़कर सुनाने के बाद।

(d) इसे साबित किए बिना और गवाह को दिखाए बिना।

**35)Under Section 145 of the Evidence Act a witness may be cross examined as to previous statements in writing?**

(a) After proving the same and showing the same to the witness.

(b) Without proving the same but only after showing the same to the witness.

(c) After proving the same and reading the same to the witness.

(d) Without proving the same and without showing the same to the witness.

**36)**दंड प्रक्रिया संहिता की धारा **164** के अंतर्गत संस्वीकृति से भिन्न अभिलिखित कथन**-**

(a) साक्ष्य का सारभूत भाग है

(b) सारभूत साक्ष्य नहीं है

(c) सारभूत साक्ष्य है या नहीं यह परिस्थितियों एवं तथ्यों पर निर्भर करेगा

(d) इनमें से सभी

**36) Statement recorded other than confession under section 164 of the Code of Criminal Procedure-**

(a) Is an substantial part of the evidence

(b) There is no substantial evidence

(c) Whether there is substantial evidence or not will depend on the circumstances and facts.
(d) All of these

**37) धारा 161 दंड प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत अन्वेषण अधिकारी द्वारा लेखबद्ध कथन का उपयोग -**
(a) खंडन के लिए
(b) संपुष्टि के लिए
(c) साक्षी की याददाश्त को ताजा करने के लिए
(d) इनमें से कोई नहीं

**37) Use of written statement by the investigating officer under Section 161 of the Code of Criminal Procedure -**
(a) For rebuttal
(b) For conformation
(c) For refresh the memory of the witness
(d) none of these

**38), प्रथम सूचना रिपोर्ट सारवान साक्ष्य नहीं है, विचारण के दौरान इसका उपयोग किया जा सकता है-**
(a) सूचना की संपुष्टि के लिए
(b) सूचना के विरोधाभास के लिए
(c) सूचना की संपुष्टि एवं विरोधाभास दोनों के लिए
(d) न ही सूचना की संपुष्टि और न ही विरोधाभास के लि

**38), First Information Report is not material evidence, it can be used during trial-**

(a) To confirm the information

(b) For contradiction of information

(c) For both confirmation and contradiction of information

(d) Neither to confirm nor to contradict the information

**39).** साक्ष्य अधिनियम की धारा **146 (3)** के परंतुक के अधीन बलात्संग के अभियोजन में अभियोक्त्री **(Prosecutrix)** के प्रति-परीक्षण में**-**

(a) उसके साधारण अनैतिक चरित्र से संबंधित प्रश्न पूछे जा सकते हैं

(b) न्यायालय की अनुमति से उसके साधारण अनैतिक चरित्र के बारे में प्रश्न पूछे जा सकते हैं

(c) उसके साधारण अनैतिक चरित्र के बारे में प्रश्न नहीं पूछे जा सकते हैं

(d) उसके बलात्संग से संबंधित प्रश्न नहीं पूछे जा सकते हैं

**39). In the cross-examination of the prosecutrix in the case of rape under the proviso to Section 146 (3) of the Evidence Act -**

(a) Questions may be asked regarding his general immoral character.

(b) With the permission of the court, because of his general immoral character Questions may be asked about
(c) Questions cannot be asked about his general immoral character
(d) Questions related to her rape cannot be asked.

**40)**आपराधिक विधि (संशोधन) अधिनियम**, 2013** संबंधित है भारतीय साक्ष्य अधिनियम**, 1872** की
(a) धारा 53-A, 113-A, 113-B, 114-A से
(b) धारा 53-A, 113-B, 114-A से
(c) धारा 53-A, 113-A, 114, 146 से
(d) धारा 53-A, 114-A, 119, 146 से

**40)Criminal Law (Amendment) Act, 2013 is related to the Indian Evidence Act, 1872.**
(a) To Section 53-A, 113-A, 113-B, 114-A
(b) To Section 53-A, 113-B, 114-A
(c) To Section 53-A, 113-A, 114, 146
(d) To Section 53-A, 114-A, 119, 146

**41)**भारतीय साक्ष्य अधिनियम**, 1872** में उस विषय से संबंधित प्रश्न जो कि वाद या कार्यवाहियों में सुसंगत नहीं है पूछे जा सकते हैं**-**
(a) धारा 146 के अंतर्गत

(b) धारा 147 के अंतर्गत
(c) धारा 148 के अंतर्गत
(d) ऐसे प्रश्न पूछे नहीं जा सकते

**41) Under the Indian Evidence Act, 1872, questions related to a subject which is not relevant to the case or proceedings can be asked**
(a) Under section 146
(b) Under section 147
(c) Under section 148
(d) Such questions cannot be asked

**42)प्रति-परीक्षा में कौन-कौन से विधि पूर्ण प्रश्न पूछे जा सकते हैं?**
(a) उसकी सत्यवादिता परखने के लिए
(b) यह पता लगाने के लिए कि वह कौन है
(c) उसके शील को दोष लगाकर उसकी विश्वसनीयता को चोट पहुंचाने के लिए
(d) उपरोक्त सभी

**42)What legal questions can be asked in cross-examination?**
(a) To test its truthfulness
(b) To find out who he is
(c) To damage his credibility by injuring his character

(d) All of the above

**43)**भारतीय साक्ष्य अधिनियम की निम्नलिखित में से कौन**-**सी धारा प्रति**-**परीक्षा में विधिपूर्ण प्रश्न पूछे जा सकेंगे का प्राविधान करती है**?**

(a) धारा 146

(b) धारा 145

(c) धारा 144

(d) धारा 147

**43)Which of the following sections of the Indian Evidence Act provides that lawful questions can be asked in cross-examination?**

(a) Section 146

(b) Section 145

(c) Section 144

(d) Section 147

**44)**भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा **146** के अधीन किस प्रकार के प्रश्न नहीं पूछे जा सकते हैं**?**

(a) गवाह की सत्यवादिता को परखने के।

(b) गवाह के जीवन की स्थिति जानने के।

(c) गवाह की विश्वसनीयता को धक्का पहुंचाने के।

(d) बलात्संग के मामले में पीड़िता से उससे पूर्व यौन अनुभव के संबंध में।

**44)What types of questions cannot be asked under Section 146 of the Indian Evidence Act?**

(a) To test the truthfulness of the witness.

(b) To know the living condition of the witness.

(c) To damage the credibility of the witness.

(d) Previous sexual experience of victim In case of rape

**45)"किसी अटॉर्नी या वकील के द्वारा एक बैरिस्टर को यह सूचना दी जाती है कि एक महत्वपूर्ण साक्षी एक डकैत है। साक्षी से यह पूछे जाने का यह एक युक्तियुक्त आधार है कि क्या वह एक सकैत है।"**

(a) धारा 149

(b) धारा 153

(c) धारा 147

(d) धारा 145

**45)"A barrister is informed by an attorney or solicitor that a material witness is a dacoit. This is a reasonable ground for asking the witness whether he is a dacoit."**

(a) Section 149

(b) Section 153

(c) Section 147

राजस्थली
Estd. 2008

(d) Section 145

**46).** युक्तियुक्त आधारों के बिना अधिवक्ता द्वारा प्रश्न पूछे जाने पर न्यायालय की प्रक्रिया क्या होनी चाहिए-
(a) न्यायालय उन्हें नहीं लिखेगा
(b) शांति से सुनेगा
(c) स्टेट बार काउंसिल को रिपोर्ट करेगा
(d) पूछने देगा

**46). What should be the procedure of the court when an advocate asks questions without reasonable grounds?**
(a) The court will not write to them
(b) Will listen calmly
(c) Will report to the State Bar Council
(d) Will allow to ask

**47)**भारतीय साक्ष्य अधिनियम, **1872** की किस धारा के अनुसार न्यायालय ऐसे प्रश्न का निषेध करेगा जो उसे प्रतीत होता है कि वह अपमानित या क्षुब्ध करने के लिए आशयित है या जो यद्यपि स्वयं में उचित है, तथापि रूप में न्यायालय को ऐसा प्रतीत होता है कि वह अनावश्यक तौर पर संतापकारी है**?**
(a) धारा 150
(b) धारा 151
(c) धारा 152

(d) धारा 153

**47) According to which section of the Indian Evidence Act, 1872, the court will prohibit a question which appears to it to be intended to insult or annoy or which, although reasonable in itself, yet appears to the court to be so That it is unnecessarily painful?**

(a) Section 150
(b) Section 151
(c) Section 152
(d) Section 153

**48)**एक साक्षी से पूछा जाता है कि क्या उसे किसी अपराध के लिए पूर्व दोषसिद्ध किया गया था। वह मना करता है, उसकी पूर्व दोषसिद्धि का साक्ष्य दिया जाता है**-**

(a) यह साक्ष्य ग्राह्य है
(b) यह साक्ष्य अग्राह्य है
(c) यह न्यायालय का विवेकाधिकार है
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**48)A witness is asked whether he had a previous conviction for a offence. He refuses, evidence of his previous conviction is given -**

(a) This evidence is admissible

(b) This evidence is inadmissible
(c) It is the discretion of the court
(d) None of the above

**49).** किसी साक्षी से पूछा जाता है कि क्या यह किसी पद से बेईमानी के लिए पदच्युत नहीं किया गया था। वह इससे इन्कार करता है। यह दर्शाने के लिए साक्ष्य दिया जाता है कि वह बेईमानी के लिए पदच्युत किया गया था**?**
(a) ग्राह्य होगा यदि वह वादी का साक्षी है
(b) ग्राह्य होगा यदि वह प्रतिवादी का साक्षी है
(c) ग्राह्य होगा
(d) अग्राह्य होगा

**49). A witness is asked whether he was not dismissed from service for dishonesty. He denies it. Is evidence given to show that he was dismissed for dishonesty?**
(a) Will be admissible if he is a witness for the plaintiff
(b) Is admissible if he is a witness for the defendant
(c) Will be admissible
(d) Will be inadmissible

**50)**भारतीय साक्ष्य अधिनियम**, 1872** में किस धारा के अधीन एक पक्षकार अपने ही साक्षी से प्रश्न पूछ सकता है**?**
(a) धारा 156

(b) घारा 154
(c) धारा 158
(d) धारा 160

**50) Under which section of the Indian Evidence Act, 1872, a party can ask questions to his own witness?**
(a) Section 156
(b) Section 154
(c) Section 158
(d) Section 160

**51)**पक्षद्रोही साक्षी का अर्थ है**-**
(a) प्रतिकूल साक्षी
(b) प्रभावित साक्षी
(c) साक्षी जो सत्य बोलने का इच्छुक है
(d) साक्षी जो सत्य बोलने का इच्छुक नहीं है

**51) A hostile witness means-**
(a) Adverse witness
(b) Affected witness
(c) A witness who is willing to speak the truth
(d) Witness who is not willing to tell the truth

**52)** भारतीय साक्ष्य अधिनियम, **1872** के अंतर्गत, **'**पक्षविरोधी साक्षी**'**
(a) किसी भी उद्देश्य के लिए विचार में नहीं ली जा सकती है।
(b) अभियोजन के पक्ष में विचार में नहीं ली जा सकती है।
(c) केवल बचाव पक्ष के द्वारा उपयोग की जा सकती है।
(d) अभियोजन और बचाव पक्ष दोनों के द्वारा उपयोग में लाई जा सकती है।

**52) Under the Indian Evidence Act, 1872, 'hostile witness'**
(a) Cannot be taken into consideration for any purpose.
(b) Cannot be taken into consideration in favor of the prosecution.
(c) Can be used only by the defense party.
(d) Can be used by both the prosecution and the defense.

राजस्थली
Estd. 2008

**53)**धारा **325** भारतीय दण्ड संहिता के मामले में मुख्य परीक्षा के दौरान, पीड़ित अभियोजन प्रकरण से इन्कार करता है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम के किस प्रावधान के तहत लोक अभियोजक पीड़ित से सूचक प्रश्न पूछ सकता है**?**
(a) धारा 139
(b) धारा 144
(c) धारा 154

(d) धारा 165

**53)During examination-in-chief in a case under section 325 Indian Penal Code, the victim denies the prosecution case. Under which provision of the Indian Evidence Act can the public prosecutor ask leading questions to the victim?**

(a) Section 139

(b) Section 144

(c) Section 154

(d) Section 165

राजस्थली
Estd. 2008

**54)** प्रतिकूल गवाह का साक्ष्य

(a) पूरी तरह से खारिज की जाती है।

(b) आंशिक रूप से खारिज की जाती है

(c) आंशिक रूप से स्वीकृत की जाती है

(d) सावधानीपूर्वक विचारित होता है और संपुष्टित होनी होती है

**54) Evidence of adverse witness**

(a) Is completely rejected.

(b) Is partially rejected

(c) Is partially accepted

(d) Is carefully considered and has to be confirmed

**55)**दण्ड प्रक्रिया (संशोधन) अधिनियम**, 2005** द्वारा भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में संशोधन किया गया है**?**

(a) धारा 90 A

(b) धारा 29

(c) धारा 154

(d) धारा 159

**55)Which section of the Indian Evidence Act has been amended by the Criminal Procedure (Amendment) Act, 2005?**

(a) Section 90 A

(b) Section 29

(c) Section 154

राजस्थली
Estd. 2008

(d) Section 159

**56)2002** में पारित संशोधन कानून के द्वारा भारतीय साक्ष्य कानून के निम्नलिखित प्रावधानों में से किस प्रावधान को समाप्त कर दिया गया था?

(a) धारा 155(2)

(b) धारा 155(3)

(c) धारा 155(4)

(d) धारा 155(5

**56)Which of the following provisions of the Indian Evidence Act was abolished by the amendment law passed in 2002?**

(a) Section 155(2)

(b) Section 155(3)

(c) Section 155(4)

(d) Section 155(5)

**57).** निम्न किस बाद में अभियोजन साक्षी का अभियोजन, मिथ्या साथ देने के लिए किया गया था?

(a) नीतीश कटारा में (2007)

(b) प्रियदर्शिनी मट्टू में (2006)

(c) जेसिका लाल में (2007)

(d) उपरोक्त किसी में नहीं

R राजस्थली Estd. 2008

**57). Which of the following prosecution witnesses was prosecuted for giving false assistance?**

(a) Nitish in Katara (2007)

(b) Priyadarshini Mattu (2006)

(c) Jessica Lal (2007)

(d) None of the above

**58)**भारतीय साक्ष्य अधिनियम की निम्न धाराओं में से किसमें साक्षी को साक्ष्य के दौरान स्मृति ताजी करने का प्रावधान है**?**

(a) धारा 158

(b) धारा 159

(c) धारा 160

(d) धारा 162

**58)Which of the following sections of the Indian Evidence Act has a provision for refreshing the memory of a witness during evidence?**

(a) Section 158

(b) Section 159

(c) Section 160

(d) Section 162

**59)**निम्न में से कौन**-**सा वक्तव्य विधि अनुसार सही है**?**

( a) सह-अपराधी, अभियुक्त व्यक्ति के विरुद्ध सक्षम साक्षी होगा।

(b) किसी साक्षी की प्रति-परीक्षा में सूचक प्रश्न पूछा जा सकता है।
(c) न्यायालय किसी पक्षकार को अपने ही साक्षी से ऐसे प्रश्न करने की अनुज्ञा दे सकता है, जो प्रतिपक्षी द्वारा प्रति-परीक्षा में किया जा सकता है।
(d) उपरोक्त सभी।

**59)Which of the following statements is correct as per law?**
(a) An accomplice shall be a competent witness against the accused person.
(b) Leading questions can be asked in the cross-examination of a witness.
(c) The court may permit a party to ask such questions to his own witness as may be asked by the opponent in cross-examination.
(d)All of the above.

राजस्थली
Estd. 2008

**60)** किसी दस्तावेज़ को पेश करने के लिए बुलाया गया गवाह इस आधार पर उसे अदालत के सामने लाने से इनकार कर सकता है कि-
(a) विचाराधीन रिकॉर्ड अप्रकाशित रिकॉर्ड है।
(b) प्रश्नगत रिकॉर्ड राज्य के एक मामले से संबंधित है।
(c) रिकॉर्ड स्वीकार्य है.
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

**60)A witness summoned to produce a document can refuse to bring it before the Court on the ground that-**

(a) the record in question is unpublished record.

(b) the record in question relates to an affair of State.

(c) the record is admissible.

(d) None of the above.

**61)** प्रश्न करने या पेश करने का आदेश देने की न्यायाधीश की शक्ति दी गई है

(a) धारा 165 में

(b) धारा 167 में

(c) धारा 141 में

(d) धारा 159 में

**61) The power of the judge to ask questions or order production is given by**

(a) In section 165

(b) In section 167

(c) In section 141

(d) In section 159

Estd. 2008

**62)** भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा ट्रायल कोर्ट को किसी भी गवाह से कोई भी प्रश्न पूछने की व्यापक और अप्रतिबंधित शक्तियाँ प्रदान करती है।

(a) 157

(b) 164

(c) 160

(d) 165

**62) Section of the Indian Evidence Act confers vast and unrestricted powers on the trial court to put any question he pleases to any witness.**

(a) 157

(b) 164

(c) 160

(d) 165

**63)**भारतीय साक्ष्य अधिनियम की कौन-सी धारा यह उपबन्ध करती है कि साक्ष्य के अनुचित ग्रहण या अग्रहण के आधार पर कोई नवीन विचारण नहीं होगा**?**

(a) धारा 166

(b)धारा 165

(c) धारा 167

(d) धारा 161

**63)Which section of the Indian evidence Act provides that no new trial shall arise on the basis of improper admission or rejection of the evidence?**

(a) Section 166

(b) Section 165

(c) Section 167

(d) Section 161

**64)** साक्ष्य की अनुचित ग्रहण या अग्रहण निम्नलिखित का आधार नहीं होगी**:**

(a) नया परीक्षण

(b) किसी भी निर्णय को उलटना

(c)अभियुक्त की सजा

(d) दोनों (ए) और (बी)।

राजस्थली
Estd. 2008

**64)The improper admission or rejection of evidence shall not be a ground of:**

(a) New trial

(b) Reversal of any decision

(c) Conviction of accused

(d) Both (a) and (b).

**65) Upto what time period from the date of decision, the certificate issued for recovery of possession from the tenant in case of premises set out for commercial use, will not be executable under the rjasthan rent control(amendment) act 2017.**

राजस्थान किराया नियंत्रण (संशोधन) अधिनियम **2017** के तहत निर्णय की तिथि से किस समय अवधि तक, व्यावसायिक उपयोग के लिए निर्धारित परिसर के मामले में किरायेदार से कब्जे की वसूली के लिए जारी प्रमाण पत्र निष्पादन योग्य नहीं होगा।

a)One month / एक माह

b)Three month / तीन महीने

c)One & half month / डेढ़ महीना

d)Six month / छह महीने

राजस्थली
Estd. 2008

**66)When will the rent Tribunal during the pendency of application or appeal order payment of rent and its dues?**
आवेदन या अपील के लंबित रहने के दौरान किराया न्यायाधिकरण किराए और उसके बकाया का भुगतान कब करेगा

a) Will order after hearing parties on application or appeal as the case may be / आवेदन या अपील पक्षकारों को सुनने के बाद आदेश देगा जैसा भी मामला हो
b)On receipt of application or appeal / आवेदन य. अपील प्राप्त होने पर
c)Tribunal has no right / ट्रिब्यूनल का कोई अधिकार नहीं ह
d)At the discretion of Tribunal / ट्रिब्यूनल के विवेक पर

**67). Which are the new chapters have been inserted in the Rajasthan rent amendment Control Act 2017?**
राजस्थान किराया संशोधन नियंत्रण अधिनियम **2017** में कौन से नए अध्याय जोड़े गए हैं**?**

a). Chapter 5-A/अध्याय 5-ए
b). Chapter 5-B/अध्याय 5-बी/
c). Chapter 5-C/अध्याय 5-सी
d). Chapter 5-A & 5-B/अध्याय 5-ए और 5-बी

**68)To whom the appeal against the order of rent authorities shall be and within how many days to?**

किराया अधिकारियों के आदेश के खिलाफ अपील किसके पास और कितने दिनों के भीतर होगी**?**

a). To rent Tribunal within 60 days / 60 दिनों के भीतर ट्रिब्यूनल किराए पर लेने के लिए

b). To rent Tribunal within 45 days / 45 दिनों के भीतर ट्रिब्यूनल किराए पर लेने के लिए

c). To Civil Court 45 days / सिविल कोर्ट को 45

d). To Civil Court within 60 days / 60 दिनों के भीतर सिविल  कोर्ट में

**69). In the form of which schedule the particulars of an agreement having been entered in the writing shall be jointly by landlord and tenant communicated after coming into force the Rajasthan rent control Amendment Act 2017?**

राजस्थान किराया नियंत्रण संशोधन अधिनियम **2017** लागू होने के बाद किस अनुसूची के रूप में लिखित रूप में दर्ज किए गए समझौते का विवरण मकान मालिक और किरायेदार द्वारा संयुक्त रूप से सूचित किया जाएगा**?**

a) Schedule D/अनुसूची डी
b )Schedule C/अनुसूची सी
c) Schedule A/अनुसूची ए
d) Schedule B/ अनुसूची बी

**70)In which section the provision of tenancy agreement has been made under Rajasthan rent control Amendment Act 2017?**
राजस्थान किराया नियंत्रण संशोधन अधिनियम **2017** के अन्तर्गत काश्तकारी अनुबन्ध का प्रावधान किस धारा में किया गया है **?**
a)Section 22 A/धारा 22 ए
b)Section 22 B/धारा 22 बी
c)Section 23 C/धारा 23 सी
d)Section 23 D/धारा 23 डी

राजस्थली
Estd. 2008

## Answer key

1-b
2-d
3-b
4-c
5-d
6-d
7-c
8-a
9-c
10-a
11-c
12-c
13-c
14-b
15-a

राजस्थली
Estd. 2008

16-b
17-c
18-c
19-c
20-b
21-c
22-c
23-a
24-d
25-a
26-a
27-a
28-d
29-d
30-a
31-b
32-a
33-b
34-d
35-d
36-b
37-a
38-c
39-c

राजस्थली
Estd. 2008

**40-d**
**41-c**
**42-d**
**43-a**
**44-d**
**45-a**
**46-c**
**47-c**
**48-a**
**49-d**
**50-b**
**51-d**
**52-d**
**53-c**
**54-d**
**55-c**
**56-c**
**57-c**
**58-b**
**59-d**
**60-d**
**61-a**
**62-d**
**63-c**

राजस्थली
Estd. 2008

64-d
65-b
66-a
67-d
68-a
69-a
70-b

राजस्थली
Estd. 2008